## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्लेसमेंट कैम्प 8 फरवरी को

### सुजुकी मोटर्स हंसलपुर गुजरात में होगी विभिन्न ट्रेडों में 300 पदों पर भर्ती

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र के उद्योगों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 8 फरवरी 2023 को प्रात: 10 बजे से शासकीय आईटीआई, रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत मे.सुजुकी मोटर्स हंसलपुर गुजरात में रिक्त 300 विभिन्न पदों पर केवल पुरूष आवेदकों की भर्ती की जाएगी। जिसमें ट्रेड-फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मैके., डीजल मैके. ट्रेक्टर मैकेनिक, टूल एवं डाई मेकर, पीपीओ, सीओई (ऑटोमोबाइल) एवं पेंटर जनरल ट्रेड शामिल है। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 40 प्रतिशत अंकों के साथ 10 वीं एवं संबंधित आईटीआई ट्रेड में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आयु सीमा 8 फरवरी 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा 24 वर्ष से अधिक न हो। एफटीसी हेतु आईटीआई उत्तीर्ण करने का वर्ष 2017 से 2022 तक तथा अप्रेन्टिसशिप हेतु आईटीआई उत्तीर्ण करने का वर्ष 2021 से 2022 निर्धारित की गई है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी जिला रोजगार कार्यालय अथवा शा.आईटीआई रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### फर्जी दस्तावेज से जमीन को बेचा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** महिला के जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसी अन्य को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार साहूपारा फाफाडीह निवासी प्रार्थिया लता बाई साहू 57 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके नाम पर गोंदवारा खमतराई में 0.14 हेक्टेयर भूमि है। जिसका फर्जी दस्तावेज तैयार कर आरोपी रमेश साहू, सत्तु राजपूत व अन्य ने प्रार्थिया के जगह किसी अन्य को पेश कर उक्त जमीन को रंजीत कुमार पंडित व विजय वैष्णव को बेच दिया और उन दोनों से आरोपियों ने 966798 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### एनआईटी हॉस्टल में छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायपुर (आरएनएस)।** एनआईटी की एक छात्रा की फांसी के फंदे में लटकी हुई लाश मिली है। छात्रा का नाम पिंदीलेसिया बताया जा रहा है। पिंदीलेसिया बायोटेक इंजीनियरिंग सेकंड ईयर की छात्रा थी। वह आंध्र प्रदेश की रहने वाली बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कमरे में अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। लिहाजा मौत की वजह का पता अब तक नहीं चल पाया है। वहीं आंध्र प्रदेश के रहने वाली पिंदीलेसिया के परिजन 10 दिन पहले ही रायपुर आए थे और बेटी के साथ समय बिताया था। लौटने के 10 दिन बाद ही छात्रा ने आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को पुलिस ने शव सौंप दिया है। आत्महत्या की वजह को तलाशने के लिए सरस्वती नगर पुलिस जांच में जुट गई है। इस मामले में छात्रा के परिजनों के साथ-साथ छात्रा के कुछ दोस्तों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

# तीन साल से एक ही हल्के में पदस्थ पटवारियों को एक सप्ताह में बदलने के लिए कलेक्टर ने किया निर्देशित

- राजस्व प्रकरणों के निराकरण में शीघ्रता लाने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने दिए निर्देश
- राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा जिम्मेदारी और पारदर्शिता से करना है काम
- अब से हर गुरूवार तहसील मुख्यालयों में मिलेंगे सभी आरआई पटवारी





**रायगढ़।** जिले में पदस्थापना के साथ ही कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राजस्व विभाग की बैठक लेकर कामकाज की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में शीघ्रता लाये। समय-सीमा से बाहर प्रकरण लंबित नहीं होने चाहिए। उन्होंने तीन साल से एक ही हल्के में पदस्थ पटवारियों का हल्का बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से निवास करें। लापरवाही मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि राजस्व विभाग आम लोगों से सीधे रूप से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण विभाग है। अत: सभी राजस्व अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी व पारदर्शिता से कार्य करना है।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व के कार्यो में तेजी लाने के लिए विशेष कार्ययोजना के साथ काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी न्यायालय में बैठने का दिन नियत करें। जिसकी जानकारी अपने कार्यालय के बाहर भी चस्पा करें, ताकि आमजन तथा पक्षकारों को उसकी जानकारी हो। नामांकन, बटवारा जैसे प्रकरण पटवारी प्रतिवेदन के लिए के लिए एक सप्ताह से अधिक लंबित न हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होंने ई-कोर्ट की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए कि कहा कि अविवादित, विवादित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण किया जाए। सभी तहसीलों के प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर सिन्हा ने भू-अर्जन की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि जिले में अभियान चलाकर भू-अर्जन के प्रकरणों की रिकार्ड दुरूस्ती कर नस्तीबद्ध करें। कलेक्टर सिन्हा ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की संख्या और भुगतान की जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसे प्रकरणों की जांच कर पूरे रिपोर्ट के साथ प्रकरण तेजी से निराकृत किया जाए। गिरदावरी की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया की पटवारियों से गिरदावरी का कार्य सही तरीके से करवायें। कलेक्टर सिन्हा ने सभी तहसीलदारों को अपने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कार्यालय में साफ -सफाई और पक्षकारों के लिए बैठक व पेयजल व्यवस्था की जाए। इस दौरान उन्होंने जाति प्रमाण पत्र निर्माण, भूमि स्वामी हक, राजीव गांधी आश्रय योजना, पट्टा वितरण, डिजीटल हस्ताक्षर, लोक सेवा केन्द्र में लंबित प्रकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रकरणों में कार्यो में तेजी लाने एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**हर गुरूवार तहसील मुख्यालयों में मिलेंगे सभी आरआई पटवारी-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि तहसील मुख्यालय स्तर पर लोगों के कामकाज को सुगम व सुविधाजनक बनाने के लिए सप्ताह में एक दिन आरआई व पटवारियों की तहसील हाजिरी होनी है। इसके लिए पूरे जिले में गुरूवार का दिन निर्धारित किया जाता है। इस दिन तहसील मुख्यालय में सभी आरआई पटवारियों को उपस्थित रहना है। जिससे आमजनों को तहसील मुख्यालय में राजस्व से जुड़े कार्यों को करवाने में आसानी होगी। उन्होंने इसी दिन पूरे हफ्ते भर के पटवारियों व आरआई के कामकाज की समीक्षा करने तथा उनसे अपेक्षित प्रतिवेदनों को लेने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

## लंबे समय से फरार 8 स्थाई वारंटियों को पुलिस ने एक ही दिन किया गिरफ्तार

- हत्या और बलात्कार के आरोपी सहित 8 साल से फरार चोरी का स्थाई वारंटी भी आया पकड़ में



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा 1 फरवरी को क्राइम मीटिंग में अपराधों पर अंकुश लगाने थाना, चौकी प्रभारियों को माइनर एक्ट की अधिक से अधिक कार्यवाही करने तथा संदिग्धों एवं फरार वारंटियों की विशेष रूप से जांच के निर्देश दिए गए हैं, जिसका पालन करते हुए कार्रवाई के क्रम में धरमजयगढ़ अनुभाग के थाना लैलूंगा ने 03, तमनार ने 02 तथा कापू और धरमजयगढ़ ने 1-1 एवं पुलिस चौकी खरसिया द्वारा 1 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

फरार वारंटियों पर चलाए जा रहे अभियान में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा वर्ष 2014 के अपराध क्रमांक 263/14 शासन विरुद्ध दिनेश सिंह प्रधान वगैरह में आरोपी सोमेंद्र सिंह निवासी बेहरापारा धरमजयगढ़ को स्थायी वारंट के पालन में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है, वारंटी 08 साल से फरार था। वहीं कापू पुलिस ने वर्ष 2019 के दुष्कर्म मामले के आरोपी वीरेंद्र राठिया निवासी सीतापुर जिला सरगुजा तथा वर्ष 2016 के हत्या के अपराध के फरार आरोपित (विधि के साथ संघर्षरत बालक) को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय पेश किया गया है। लैलूंगा पुलिस द्वारा जुआ और मारपीट के प्रकरण तीन स्थायी वारंटी तथा तमनार पुलिस द्वारा मारपीट मामले के दो एवं चौकी खरसिया द्वारा मारपीट मामले का एक स्थायी वारंटी कुल 8 स्थायी वारंटियों को एक ही दिन गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय पेश किया गया है।

## बनेकेला हत्या मामले का मुख्य आरोपी लैलूंगा पुलिस की गिरफ्त में

- आरोपी युवक के साथ मिलकर महिला ने की थी अपने पति की हत्या
- लैलूंगा पुलिस ने आरोपी महिला को पहले ही गिरफ्तार कर भेजा है जेल



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा–निर्देशन पर लैलूंगा पुलिस द्वारा ग्राम बनेकेला में युवक की हत्या मामले के फरार मुख्य आरोपी भागीरथी राठिया (उम्र 28 साल) को आज घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम छेड़ोरिया में मुखबीर सूचना पर दबिश देकर हिरासत में लेकर थाना लैलूंगा लाया गया है जिससे पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त टांगी तथा घटना समय पहने कपड़े जप्त कर अभिरक्षा में रखा गया है, कल आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।

जानकारी के मुताबिक थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनेकेला में दिनांक 30.01.2023 की रात्रि गांव के चैतन राठिया (33 वर्ष) के साथ उसकी पत्नी समारी धनवार और भागीरथी राठिया हाथ-मुक्का, ठोस वस्तु व हथियार से मारपीट किये थे। आहत को उसके परिजन ईलाज के लिये लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां दूसरे दिन सुबह आहत चैतन राठिया की मौत हो गई। घटना के संबंध में थाना लैलूंगा में आरोपी महिला समारी धनवार और भागीरथी राठिया पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना के बाद से दोनों फरार थे। थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी द्वारा आरोपियों के सगे संबंधी एवं जान परिचितों से लगातार संपर्क कर लगाये मुखबिर से जानकारी लिया जा रहा था। इसी क्रम में कल आरोपिया समारी धनवार (उम्र 30 साल) निवासी ग्राम बनेकेला थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश करने बाद जेल दाखिल किया गया। आज देर शाम मुख्य आरोपी भागीरथी राठिया के ग्राम छेडोरिया, थाना घरघोड़ा में देखे जाने की मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा आर.एस. तिवारी, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, आरक्षक हेलारियुस द्वारा दबिश देकर आरोपी भागीरथी राठिया पिता सीताराम राठिया उम्र 28 साल निवासी बनेकेला थाना लैलूंगा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। आरोपी द्वारा मृतक की पत्नी समारी धनवार के साथ मैत्री संबंध होना और घटना दिनांक को चैतन राठिया (मृतक) ने दोनों को साथ देख लेने पर मिलकर चैतन राठिया की हाथ-मुक्का एवं धारदार ठोस वस्तु (टांगी) से मारकर हत्या करना बताया है। आरोपी भागीरथी राठिया के मेमोरंडम पर घटना में प्रयुत् टांगी एवं पहने कपडे जप्त किया गया है। शीघ्र आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा जावेगा।

## बेचे हुए पुराने ट्रकों के नंबर प्लेट को ट्रकों में लगाकर करा रहा था कोयला ढुलाई, आरोपी ट्रक ड्रायवर और ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

- पेट्रोलिंग कर रही जूटमिल पुलिस को ड्राइवर के पास मिला ट्रक का बोगस कागजात
- अपराध दर्ज कर ड्राइवर के जरिए वाहन मालिक तक पहुंची पुलिस
- की जा रही राजस्व चोरी सहित अन्य गड़बड़ियों जांच



**रायगढ़।** प्रतिदिन की तरह कल 2 फरवरी को जूटमिल पुलिस की पेट्रोलिंग उड़ीसा-रायगढ़ हाईवे पर पेट्रोलिंग किया जा रहा था। इस दौरान बड़माल बैरियर के पास मेन रोड पर ट्रक क्रमांक ओ.आर. 16 सी 0331 का ड्रायवर वाहन को सड़क पर खतरनाक तरीके से खड़ी कर नदारद था जिससे मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बन कर दुर्घटना की संभावना बढ़ गई थी। मौके पर पेट्रालिंग स्टाफ ने अन्य वाहन चालकों से पूछताछ कर ट्रक ड्राइवर का पता लगाया गया। ट्रक ड्राइवर अजय राय के कृत्य पर थाना जूटमिल में अप.क्र. 17/2023 धारा 283 आईपीसी के तहत अपराध कायम किया गया। आरोपी वाहन चालक अजय राय पिता शमशेर राय उम्र 26 साल निवासी ग्राम महनपुर थाना पटोरी जिला समस्तीपुर (बिहार) हाल मुकाम वाहन मालिक संजय राय का घर बेलपहाड़, थाना बेलपहाड़ जिला झाड़सुगुड़ा (उड़ीसा) से वाहन के कागजात की मांग किए जाने पर ड्राइवर अजय राय वाहन के कोई कागजात नहीं होना बताते हुए बताया कि उसके मालिक संजय राय के द्वारा इसे कहा गया की ट्रक का चेचिस नंबर और नंबर प्लेट अलग-अलग है किसी को मत बताना। ड्रायवर अजय राय यह भी बताया कि इनके मालिक के पास एक और ट्रक ओ.आर. 23 ए. 9131 का भी नंबर प्लेट और चेचिस नंबर अलग-अलग है। ट्रक मालिक राजस्व (Tax) बचाने शासन के साथ धोखाधड़ी की नियत से गलत तरीके से पैसे कमाने के लिए इस प्रकार ट्रक का चेचिस नंबर और प्लेट बदलकर चलवा रहा है।

ट्रक ड्राइवर अजय राय से मिली जानकारी को थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार को अवगत कराएं जिनके दिशा निर्देशन एवं महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस वाहन स्वामी संजय राय को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। संजय राय बताया कि मां समलाई ट्रक ओनर एसोसिएशन (MSTO) का सदस्य है। इसके पास 6 ट्रकें थी, जिनमें एक ट्रक के टैक्स फेल होने में कबाड़ में बेच दिया, एक फाइनेंस वाले खींच कर ले गए और दो ट्रकों को बेच दिया पर उन ट्रकों के नंबर प्लेट सुरक्षित रखा था। वाहन स्वामी का कहना है कि इसके पास दो ट्रकें हैं, जो कोयला ढुलाई में लगी है। कोयला ढुलाई में लगे ट्रकों का 2 सप्ताह में एक बार एक गाड़ी का नंबर लगता था जिस कारण कमाई कम हो रही थी। तब 20-25 दिन में बारी-बारी से अपने बेचे हुए पुराने दोनों ट्रकों का नंबर प्लेट वाहनों में बदल-बदल कर कोयला ढुलाई में लगाता था। ड्राइवरों को रु.8000 मासिक वेतन देता था और काम होने पर ड्राइवरों को अलग से भी खर्चा दे रहा था। आरोपी संजय राय पिता राम निरीक्षण राय 47 साल निवासी बेलपहाड़, थाना बेलपहाड़ जिला झाड़सुगुड़ा (उड़ीसा) से ट्रक क्रमांक को OR 16 A 9131 तथा ड्रायवर अजय राय से OR 16 C 0331 जप्त कर प्रकरण में धारा 419, 120 बी आईपीसी की धारा जोड़कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, आरक्षक जितेन्द्र दुबे और सत्या यादव की प्रमुख भूमिका रही है।

## सोशल मीडिया पर चाईल्ड पोर्नोग्राफी अपलोड करने वाला आरोपी चक्रधरनगर से गिरफ्तार

- एनसीआरबी नई दिल्ली से प्राप्त होने वाले सायबर टीप लाइन पर चक्रधरनगर पुलिस ने की कार्यवाई

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस द्वारा छोटे अतरमुड़ा क्षेत्र में रहने वाले राकेश शर्मा पिता दयानंद शर्मा उम्र 32 साल को सोशल मीडिया साइट पर चाईल्ड पोर्न अपलोड करने के अपराध में धारा 67 (B) IT Act के तहत पंजीबद्ध अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा लगातार सोशल साइट पर अश्लील विडियो शेयर करने वालों को चिन्हांकित कर वायरल किये गये मोबाइल धारकों पर संबंधित थानों के माध्यम से कार्रवाई कराया जा रहा है। इसी क्रम में कल दिनांक 02/02//2023 को NCRB की सायबर टीप लाइन पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग (छ0ग0) से थाना प्रभारी चक्रधरनगर को अग्रिम विधि सम्मत कार्रवाई के लिए प्राप्त हुआ। टीपलाइन के अनुसार मोबाइल नंबर 706707XXXX के धारक राकेश शर्मा पिता दयानंद शर्मा निवासी छोटे अतरमुडा रायगढ के द्वारा दिनांक 22/11/2021 को चाईल्ड पोर्न विडियो सोशल मिडिया में अपलोड कर धारा 67 (ख) आई0टी0एक्ट का अपराध घटित करना पाया गया है। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के हमराह थाना प्रभारी चक्रधरनगर उप निरीक्षक नंदलाल पैकरा एवं आरक्षक श्वेत बारीक द्वारा आरोपी राकेश शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, आरोपी से विडियो अपलोड में प्रयुक्त सैमसंग का टच स्क्रीन मोबाइल जप्त कर आरोपी को आईटी एक्ट के उपरोक्त अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने सड़क सहित अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में ली विभागीय समीक्षा बैठक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज यहां सभाकक्ष में जिले में चल रहे सड़क सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों एवं स्वीकृत कार्यों की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न स्कूलों, छात्रावास, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शासकीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की एवं कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने भटगांव और सरिया में नवीन तहसील भवन के निर्माण एवं सारंगढ़-कोसीर मार्ग,बरमकेला-सरिया-नंदीगांव मार्ग के मरम्मत कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस संबंध में विभागीय अधिकारी ने बताया कि झारपाली एवं उलखर के पहुंच मार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने उपस्थित सभी अधिकारियों से बजट वर्ष 2023-24 के अनुसार जिले के अंतर्गत प्रस्तावित सड़कों की सूची तैयार कर भेजे जाने की स्थिति की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा सरसींवा एवं बिलाईगढ़ में विश्राम गृह निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली, साथ ही कलेक्टर ने बेलटिकरी एवं सलिहाघाट स्थित स्कूल भवन के निर्माण कार्य, मधाईभांठा में छात्रावास निर्माण संबंधी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत मरम्मत योग्य भवनों एवं निर्माणाधीन भवनों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, समग्र शिक्षा अंतर्गत योजना और सुगम सड़क योजना संबंधी जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर डॉ.स्निग्धा तिवारी, साथ ही समस्त विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 12 फरवरी को : दो पालियों में होगी परीक्षा

- बनाये गए 37 परीक्षा केन्द्र

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 दिन-रविवार 12 फरवरी 2023 को दो पालियों में प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में उक्त परीक्षा केन्द्रों के लिए 3 सदस्यीय उडऩ दस्ता सह परिवहन अधिकारी दल का गठन किया गया है। उडऩ दस्ता दल परीक्षा केन्द्रों की परीक्षावधि में सतत निगरानी रखेंगे।

**बनाये गये परीक्षा केन्द्र**

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए रायगढ़ में 37 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इनमें परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1632-वैदिक इंटरनेशनल स्कूल मेन रोड पटेलपाल रायगढ़, 1636-उत्तम मेमोरियल कालेज, पटेलपाली कृषि उपज मंडी पटेलपाली रायगढ़, 1637-स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोड़ातराई रायगढ़, 1617-ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली खरसिया रोड रायगढ़, 1625-शा.उ.मा. वि.किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1634-शा.हाई स्कूल गोरखा रायगढ़, 1622-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती, हा.से.स्कूल पुरानी भवन किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1623-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती, हा.से.स्कूल नया भवन, किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1624-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती, हा.से.स्कूल ज्ञानार्थ भवन किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1605-गुरू द्रोण हायर सेकेण्डरी स्कूल टीवी टॉवर के पास रायगढ़, 1620-संस्कार पब्लिक स्कूल कबीर चौक, ओड़िसा रोड रायगढ़, 1628-इंडियन स्कूल अतरमुड़ा रायगढ़, 1606-शा. नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़, 1612-सेठ किरोड़ीमल आदर्श उ.मा.स्कूल बालमंदिर रायगढ़, 1631-पीडी शा.कामर्स एण्ड आर्ट्स कालेज रायगढ़, 1609-सेन्ट तेरेसा शालिनी कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़, 1626-मुक्ति प्रकाश शालिनी, हा.से.स्कूल बोईरदादर, रायगढ़, 1635-महर्षि विद्या मंदिर, हायर सेकेण्डरी स्कूल विजयपुर रायगढ़, 1607-शा. कन्या उ.मा.वि.कोष्टापारा रायगढ़, 1610-शा.उ.मा. वि.जूटमिल रायगढ़, 1621-मां सर्वेश्वरी हा.से.स्कूल जूटमिल रायगढ़, 1629-संत माईकल इंग्लिश मीडियम स्कूल रामभांठा रायगढ़, 1630-संत माईकल हा.से.स्कूल रामभांठा रायगढ़, 1633-शा.हाईस्कूल केवड़ाबाड़ी रायगढ़, 1601-कि.शा.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, 1602-कि.शा.पाली चक्रधर नगर रायगढ़, 1603-शा.उ.मा. वि.चक्रधर नगर रायगढ़, 1608-शा.हाई.स्कूल चांदमारी रायगढ़, 1619-शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल उर्दना, 1615-कार्मेल गर्ल्स हा.से. स्कूल हिन्दी मीडियम रायगढ़, 1616-कार्मेल कान्वेट सीनियर से.स्कूल इंग्लिश मीडियम रायगढ़, 1613-सेन्ट जेवियर स्कूल कैथोलिक आश्रम, बोईरदादर रायगढ़ 1618-लोकमान्य तिलक, हा.से.स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 1627-सांई बाबा आदर्श हा.से.स्कूल कसेर पारा रायगढ़ चक्रधर नगर के पास, 1604-स्वामी बाल कृष्णपुरी लॉ कालेज रायगढ़, 1611-केएमटी शास.कन्या महाविद्यालय रायगढ़ तथा 1614-सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480